# किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(अग्रणी महाविद्यालय)

**एकेडेमिक बैंक ऑफ क्रेडिट आई डी (ABC ID) बनाये जाने के संबध में**

**// विद्यार्थियों के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण सूचना //**

दिनांक 04/12/2023

महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि , कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन के पत्र क्र. 446/1188/144/आउशि/गु.प्र./2023 दिनांक 08.11.2023 एवं शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के पत्र क्र. 1334/प्रशा./ए.बी.सी./2023 दिनांक 02.12.2023 के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले, विद्यार्थियों के लिए National Academic Depository Digilocker एवं Academic Bank of Credit में पंजीयन करना अनिवार्य है।

इस हेतु विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार में स्थापित महाविद्यालयों में पूर्व से अध्यनरत विद्यार्थियों को एवं वर्तमान सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को **एकेडेमिक बैंक ऑफ क्रेडिट आई डी (ABC ID) बनाना आवश्यक है।** इसकी सहायता से विद्यार्थी भविष्य में Digilocker के द्वारा परीक्षा परिणाम, स्थानांतरण प्रमाण पत्र,माइग्रेशन प्रमाण पत्र, उपाधि एवं अन्य प्रकार के दस्तावेज प्राप्त कर सकेंगे। भविष्य में, प्रवेश फॉर्म, परीक्षा फॉर्म एवं प्रवेश पत्र भी इसी माध्यम से भरे एवं भेजे जाएंगे।

अतः समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित एवं निर्देशित किया जाता है कि वे महाविद्यालय की वेब साईट kgcollegeraigarh.ac.in के सूचना पटल पर दिनांक 15 जुलाई 2023 को प्रकाशित सूचना (विस्तृत जानकारी सहित) का अवलोकन कर तदनुसार शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ की वेब साईट पर जाकर **08 दिसंबर 2023 तक** अपनी **एकेडेमिक बैंक ऑफ क्रेडिट आई डी** (ABC ID) बनाकर सुरक्षित रखें।

यह कार्य अत्यंत आवश्यक है अन्यथा की स्थिति में विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

04/12/23

(डॉ. आनंद कुमार शर्मा)
नोडल अधिकारी

4/12/23

(डॉ. पी.बी.बैस)
प्राचार्य
किरोड़ीमल शास. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)